आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 107 | उज्जैन, रविवार 09 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# समग्र विकास के रोडमैप पर काम कर रही है सरकार, खेल और खिलाड़ी दोनों हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार-2025 में की सहभागिता

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समग्र विकास के रोडमैप पर हमारी सरकार काम कर रही है। खेलों का विकास हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है। खेल और खिलाड़ी दोनों हमारी प्राथमिकता में है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हमारी सरकार सभी महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। महिलाओं के लिए समर्पित दिन है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाएं, जिन्होंने राज्य को गौरवान्वित किया है, उन्हें सम्मानित करना सरकार के लिए हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जहांनुमा पैलेस में एक निजी मीडिया समूह द्वारा आयोजित पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार-2025 को



संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, बंसल ग्रुप के सीएमडी श्री सुनील बंसल, गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी और उनके पंख (स्पॉनसर्स) उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृष्ण जन्म के वृत्तांत का वर्णन कर बताया कि सामाजिक सरोकार के महत्व को समझाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। अपने विराट व्यक्तित्व से उन्होंने सामाजिक चेतना जागृत की। उन्होंने कहा कि समाज के व्यक्तियों द्वारा राज्य के उभरते खिलाड़ियों की मदद कर उन्हें खेल में सहयोग करना, हमारी सामाजिक जीवंतता का सहज प्रमाण है। इस प्रकार के विशेष आयोजन के लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जनहित से जुड़े विभिन्न प्रभावकारी निर्णयों कोविड के समय वैक्सीन का त्वरित उत्पादन, कोविड महामारी रोकने के लिए लॉकडाउन की घोषणा करना, नोटबंदी की घोषणा करना, सर्जिकल स्ट्राइक आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सभी राष्ट्रहित के निर्णय है। हम सभी के लिए यह निर्णय प्रेरणादायी हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को सदैव राजधर्म का पालन करना पड़ता है। इसलिए कभी-कभी कठोर निर्णय भी लेने पड़ते हैं। विगत एक वर्ष में हमने जनहित में कई बड़े निर्णय लिए हैं। हम प्रदेश के विकास में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हरसंभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में देश का विकास जनता की भागीदारी से ही संभव है।

# भीड़ से बचने के लिए देश के 60 रेलवे स्टेशनों पर नई व्यवस्था, कंफर्म टिकट पर ही मिलेगा प्रवेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ और भगदड़ को रोकने के लिए रेलवे ने कुछ सख्त नियम बनाए हैं। महाकुंभ के दौरान तात्कालिक तौर पर देश भर के 60 प्रमुख स्टेशनों पर बनाए गए प्रतीक्षालय क्षेत्र को स्थायी किया जा रहा है।

सभी अनधिकृत प्रवेश प्वाइंट को सील कर दिया जाएगा- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के बारे में विमर्श किया गया और कई बड़े निर्णय लिए गए। देश के 60 प्रमुख स्टेशनों के सभी अनधिकृत प्रवेश प्वाइंट को सील कर दिया जाएगा। प्लेटफार्मों पर सिर्फ कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही जाने की अनुमति मिलेगी।

इन रेलवे स्टेशनों पर लागू होगी व्यवस्था- पायलट प्रोजेक्ट के तहत नई दिल्ली, आनंद विहार, सूरत, वाराणसी, अयोध्या एवं पटना स्टेशनों पर यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से शुरू की जा रही है। टिकटों की बिक्री ट्रेनों की क्षमता के अनुसार की जाएगी। स्टेशनों पर रेलवे स्टाफ के लिए ड्रेस कोड भी लागू किया गया है। रेलवे द्वारा यह बदलाव महाकुंभ के दौरान दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ से सबक लेते हुए किया जा रहा है, ताकि त्योहारों के दौरान यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हो।

# ब्लू कॉलर जॉब, साढ़े तीन लाख की सैलरी..., कैसे एजेंट की जाल में फंस गया केरल का शख्स?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के रहने वाले थॉमस गैब्रियल परेरा की इजरायल और जॉर्डन बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जॉर्डन के सैनिकों ने परेरा को उस वक्त गोली मार दी जब, वो कथित तौर पर गैरकानूनी तरीके से इजरायल में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था।

परेरा के साथ मेनमकुलम के रहने वाले उनके रिश्तेदार (बहनोई) एडिसन चार्ल्स भी थे। गोलीबारी में एडिसन चार्ल्स भी घायल हो गए। हालांकि, उनकी जान बच गई।

एजेंट को दिए थे लाखों रुपए- बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, परेरा को और चार्ल्स को एजेंट ने जॉर्डन में 3,50,000 रुपये प्रति माह वेतन वाली नौकरी दिलाने का वादा किया था। भारत छोड़ने से पहले उन्होंने एजेंट को 2,10,000 रुपये का भुगतान किया था और टूरिस्ट वीजा पर जॉर्डन पहुंचने के बाद 52,289 रुपये ($600) अतिरिक्त दिए थे। हालांकि, जब वे फरवरी की शुरुआत में जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचे, तो एजेंट ने उन्हें बताया कि वहां कोई नौकरी उपलब्ध नहीं है।

# टायर जलाए, सड़कें खोदी... मणिपुर में फ्री मूवमेंट के पहले ही दिन सुरक्षाबलों और उग्रवादियों में झड़प

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने मणिपुर में 8 मार्च यानी आज से सुरक्षित यातायात के लिए Manipur Free Movement का आदेश दिया था। इसके तहत राज्यभर में बस सेवाएं शुरू की गई, जिसमें इंफाल से सेनापति जिले के रास्ते कांगपोकपी और इंफाल से विष्णुपुर तक की बस सेवाएं शामिल हैं। लेकिन इस आदेश के पहले ही रोज कुछ जगहों पर हिंसा भड़क गई।



राजमार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास कर रही कुकी जनजाति की कई महिलाएं सुरक्षा बलों के लाठीचार्ज में घायल हो गई। केंद्र ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति शासन के अधीन आए राज्य में आज से कहीं भी सड़क अवरोध नहीं होगा।

कुकी जनजातियां अलग प्रशासन की कर रही मांग- बता दें कुकी जनजातियां तब तक स्वतंत्र आवागमन नहीं चाहतीं, जब तक कि राज्य से अलग प्रशासन बनाने की उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती। कई बसें राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में अवरोधकों को तोड़ते हुए आगे बढ़ते हुए दिखाई दीं।

कई इलाके में पत्थरबाजी और टायर जलाए गए- मणिपुर में कुकी बहुल कई इलाकों से झड़पों की खबरें आई हैं। स्थानीय लोगों द्वारा शेयर किए गए वीडियो में प्रदर्शनकारियों को वाहनों पर पत्थर फेंकते, सड़कें खोदते, टायर जलाते और बैरिकेड लगाते हुए देखा जा सकता है। कुछ लोगों ने सुरक्षा बलों पर अपशब्दों का इस्तेमाल किया और उन्हें वापस जाने के लिए कहा।

# बांग्लादेश में हिंसक चरमपंथियों की रिहाई पर भारत ने जताई चिंता, कहा- अब स्थिति और बदतर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंसक चरमपंथियों को रिहा किए जाने को लेकर चिंता जताई। साथ ही इस बात को रेखांकित किया कि यह अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ ही इनकी धार्मिक संस्थाओं की भी रक्षा करे।

नई दिल्ली ने यह भी कहा कि वह स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करता है, जहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों और समावेशी व भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाए।

चरमपंथियों की रिहाई पर जताई चिंता- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। यह स्थिति गंभीर अपराधों में सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और बदतर हो गई है।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में 5 अगस्त, 2024 से 16 फरवरी, 2025 तक दर्ज की गईं 2374 घटनाओं में से सिर्फ 1254 की पुलिस द्वारा पुष्टि की गई है। इन 1254 घटनाओं में से 98 प्रतिशत को राजनीतिक प्रकृति वाला माना गया है। जायसवाल ने कहा, हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश पूरी जांच करेगा और हत्या, हिंसा एवं आगजनी में लिप्त सभी अपराधियों को बगैर भेदभाव के न्याय के कठघरे में लाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह मॉरीशस की यात्रा करने जा रहे हैं।

# टी-72 टैंक उड़ाएंगे दुश्मनों की नींद, भारत और रूस में हुआ इतने करोड़ का सौदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत टी-72 टैंकों के लिए रूस से इंजन खरीदेगा। रक्षा मंत्रालय ने टी-72 टैंकों के लिए इंजन की खरीद के लिए रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के साथ 24.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर का समझौता किया है। सौदे के तहत रूसी कंपनी चेन्नई के अवाडी स्थित भारत की सरकारी कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी करेगी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, टी-72 टैंकों के लिए 1,000 एचपी इंजन की खरीद के लिए रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ 24.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,156 करोड़ रुपये) के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से कुछ इंजन पूरी तरह से तैयार मिलेंगे।

# मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति, मुझे करोड़ों महिलाओं का आशीर्वाद; नवसारी में और क्या बोले पीएम मोदी?

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के नवसारी में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखपति दीदियों से बातचीत की। इस दौरान पीएम ने दस चुनिंदा लखपति दीदियों से बातचीत की और उनमें से पांच को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने लखपति दीदी के योगदान और उनके काम के जरिए देश भर में हजारों महिलाओं को प्रेरित करने के लिए उनकी सराहना की।




पीएम ने लखपति दीदियों से की बातचीत- इस बातचीत के दौरान, लखपति दीदियों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी कहानियां साझा कीं और पीएम मोदी ने सामाजिक और आर्थिक रूप से अन्य महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान पीएम ने कहा, चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं: मोदी- मोदी ने कहा, आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रोल आर्मी मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद लगातार बढ़ रहे हैं।

# सैन्य हेलीकॉप्टर पर हमला, 100 लोगों की हत्या का दिया था आदेश... मेक्सिको के मोस्ट वांटेड ड्रग तस्कर के बेटे को मिली उम्रकैद की सजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सबसे शक्तिशाली ड्रग माफियाओं में एक और मेक्सिको के कुख्यात ड्रग कार्टेल के सरगना नेमेसियो एल मेन्चो ओसेगुएरा के बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। एल मेन्चिटो रूबेन ओसेगुएरा को पिता के ड्रग तस्करी गिरोह को चलाने के जुर्म में आजीवन कारावस की सजा सुनाई गई है।

100 से ज्यादा लोगों की हत्या का दिया था आदेश- पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा, एल मेन्चिटो ने पिता के ड्रग कार्टेल के कामकाज को आगे बढ़ाया और कई लोगों की हत्या और अपहरण की घटना को अंजाम दिया।

अभियोजकों ने दावा किया कि युवा ओसेगुएरा ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने अपने गुर्गों को मैक्सिकन सैन्य हेलीकॉप्टर को मार गिराने का निर्देश भी दिया था। इसके अलावा उसने 2015 में कम से कम 100 लोगों की हत्या का आदेश दिया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश बेरिल हॉवेल ने वाशिंगटन डीसी में एल मेन्चिटो रूबेन ओसेगुएरा को न्यूनतम 40 वर्ष की जेल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने रूबेन ओसेगुएरा पर 6 बिलियन डॉलर से अधिक की धनराशि का जुर्माना भी लगाया।

अमेरिका में करता था फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी- रूबेन ओसेगुएरा पर आरोप है कि वो बड़ी मात्रा में फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी करता था। अमेरिका में फेंटेनाइल ड्रग की तस्करी को अंजाम देने में उसका अहम योगदान था।

इससे पहले पिछले साल मैक्सिको के कुख्यात ड्रग कार्टेल के सरगना इस्माइल एल मेयो जांबाडा को टेक्सास के एल पासो में अमेरिकी संघीय एजेंटों ने नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि जांबाडा दशकों से अमेरिकी पुलिस और जांच एजेंसी से बचता रहा है।

इस्माइल एल मेयो जांबाडा जिसकी उम्र अब 76 की मानी जाती है वह वह मेक्सिको के सबसे खतरनाक ड्रग तस्करों में से एक है। उसने एल चापो के साथ कुख्यात सिनालोआ कार्टेल की स्थापना की थी।

# हो गया तारीख का एलान, जेफ बेजोस-लॉरेन सांचेज की शादी होगी खास

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेजन के फाउंडर और दुनिया के सबसे अमीर इंसान जेफ बेजोस जल्द ही अपनी मंगेतर लॉरेन सांचेज के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। पिछले दो साल पहले दोनों ने सगाई की थी।

पिछले साल अटकलें लगाई गई कि दोनों मई महीने में शादी के बंधन में बंध सकते हैं, फिर दिसंबर में भी शादी की बात सामने आई थी। हालांकि, शादी की तैयारी अभी भी जारी है। जानकारी के मुताबिक, शादी इस साल गर्मी के मौसम में होने वाली है, लेकिन अभी तारीख का एलान नहीं हुआ है।




यूरोप में हो सकती है डेस्टिनेशन वेडिंग- जानकारी के मुताबिक, मेहमानों को जल्द निमंत्रण पत्र मिलने वाले हैं। इस शाही शादी के लिए पिछले कुछ महीनों से जोरों शोरों से तैयारियां चल रही है। जानकारी ये भी सामने आई है कि दोनों की यूरोप में डेस्टिनेशन वेडिंग हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सांचेज ने अपनी शादी की पोशाक ऑस्कर डे ला रेंटा से पहले ही खरीद ली है। इस शादी में करीब 600 मिलियन डॉलर (5096) करोड़ रुपए खर्च होने की उम्मीद है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दुनिया के हाई-प्रोफाइल हस्तियों को शादी में आने का निमंत्रण भेजा जा चुका है। शादी में बिल गेट्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो जैसे शख्सियत शामिल हो सकते हैं। जेफ बेजोस ने शादी वेन्यू के तौर पर केविन कॉस्टनर को चुना है।

कौन हैं लॉरेन सांचेज- लॉरेन सांचेज एक जर्नलिस्ट, टीवी होस्ट और हेलीकॉप्टर पायलट हैं। 9 दिसंबर 1969 को अल्बुकर्क, न्यू मैक्सिको में जन्मीं लॉरेन अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भी काम कर चुकीं हैं।

2005 में लॉरेन ने हॉलीवुड एजेंट पैट्रिक व्हाइटसेल से शादी रचाई थी। 2019 में दोनों का तलाक हो गया। पैट्रिक के साथ उनके दो बच्चे हैं। साल 2018 से लॉरेन और जेफ रिश्ते में हैं। साल 2019 में जेफ बेजोस ने अपनी पत्नी मैंकेजी स्कॉट को तलाक दे दिया था। बेजोस के तीन बेटे हैं और एक एडॉप्टेड बेटी भी है। मैंकेजी स्कॉट ने भी एक टीचर डैन ज्वेट से शादी कर ली है।

## अमेरिका में दोषी को फायरिंग स्क्वाड से दिया गया मृत्युदंड, 2010 के बाद ऐसा पहली बार हुआ



अक्सर आपने सुना होगा कि किसी को मौत की सजा सुनाई जाती है तो उसको फांसी दी जाती है। लेकिन ये सिर्फ भारत में है, दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरीकों से मृत्युदंड दिया है। जैसे इरान में चौराहे पर पत्थर मारकर, अमेरिका में जहरीला इंजेक्शन देकर आदि तरीकों से ऐसा किया जाता है। वहीं, अमेरिका में एक व्यक्ति को फायरिंग स्क्वाड द्वारा मृत्युदंड दिया गया।

15 वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली बार ऐसा हुआ- फायरिंग स्क्वाड का मतलब गोलियां मारकर दी जाने वाली सजा से है। जेल अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कैरोलिना के एक व्यक्ति को अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता की हत्या के लिए शुक्रवार को फायरिंग स्क्वाड द्वारा मौत की सजा दी गई, जो कि 15 वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली बार ऐसा हुआ था।

पूर्व प्रेमिका के माता-पिता की हत्या कर दी थी- 67 वर्षीय ब्रैड सिगमन, जिसने 2001 में बेसबॉल बैट से डेविड और ग्लेडिस लार्के की हत्या करने की बात कबूल की थी। उसको राज्य की राजधानी कोलंबिया में ब्रॉड रिवर करेक्शनल इंस्टीट्यूशन में फायरिंग स्क्वाड द्वारा मृत्युदंड दिया गया।

## मुस्लिम देशों की ट्रंप प्लान को चुनौती, जेद्दा में आपातकालीन बैठक; गाजा को लेकर क्या है खास तैयारी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रंप के गाजा प्लान को अरब देशों से चुनौती मिल रही है। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा पर कब्जा करने की योजना के खिलाफ अरब लीग के प्रस्ताव का समर्थन किया।

सऊद अरब के जेद्दा में एक आपातकालीन बैठक में इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया। इससे तीन दिन पहले काहिरा में एक शिखर सम्मेलन में गाजा के पुनर्निर्माण मिस्र ने एक योजना पेश की थी, जिसे अरब देशों का समर्थन मिला। मिस्र की यह योजना 53 अरब डॉलर की है। इसके पूरा होने में पांच साल का समय लगेगा। इसमें गाजा वासियों को घर बनाकर दिए जाएंगे। इसके अलावा इस योजना में अस्पताल, पार्क और हवाई अड्डा बनाने की भी बात कही गई है। इस योजना के तहत गाजा पट्टी के लोग गाजा में ही रहेंगे। उन्हें गाजा छोड़कर कहीं और जाने की जरूरत नहीं रहेगी।

हाल ही में ट्रंप ने गाजा को मिडिल ईस्ट का रिवेरा यानी मध्य पूर्व की सबसे खूबसूरत जगह बनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए फलस्तीनियों को वहां से कहीं और पलायन करना होगा। ट्रंप की इस बात ने मध्य पूर्व में हलचल पैदा कर दी।

# भगवान मौजूद हैं..., हार्वर्ड के वैज्ञानिक ने भी माना ईश्वर का अस्तित्व; इस फॉर्मूले से किया साबित

नई दिल्ली (एजेंसी)। भगवान को लेकर दुनिया में दो मूलतः प्रकार की सोच रखने वाले लोग हैं। एक लोग आस्तिक यानी ईश्वरवादी होते हैं तो दूसरे नास्तिक यानी अनीश्वरवादी। नास्तिक विचारों वाले लोगों का तर्क होता है कि प्रमाण के साथ बताया जाए कि भगवान का अस्तित्व है। इसी बीच ईश्वर के अस्तित्व को लेकर हावर्ड खगोल भौतिक वैज्ञानिक और एयरोस्पेस इंजीनियर डॉ. विली सून ने चौंकाने वाला खुलासा किया है।



उन्होंने दावा किया है कि एक गणितीय सूत्र भगवान के अस्तित्व का अंतिम प्रमाण हो सकता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड के रहस्य केवल तारों में ही नहीं, बल्कि गणित की बुनियाद में भी लिखे गए हो सकते हैं।

उनके सिद्धांत का केंद्र फाइन ट्यूनिंग आर्गुमेंट है। आसान भाषा में कहें तो यह सिद्धांत सुझाव देता है ब्रह्मांड के भौतिक नियम इतने सटीक रूप से जीवन का समर्थन करने के लिए कैलिब्रेट किए गए हैं कि यह संयोग से नहीं हो सकता।

गणित के जरिए समझ सकते हैं ब्रह्मांड के नियमः पॉल डिराक- गौरतलब है कि यह सूत्र सबसे पहले कैम्ब्रिज गणितज्ञ पॉल डिराक ने पेश किया थ। सूत्र ये दर्शाता है कि ब्रह्मांडीय स्थिरांक अद्भुत सटीकता के साथ मेल खाते हैं। गणितीय सिद्धांत के जरिए ब्रह्मांड के भौतिक नियमों के संतुलन को समझा जा सकता है।

उन्होंने अपनी किताब में इस बात का भी जिक्र किया है कि किस तरह ब्रह्मांड का निर्माण में गणित का उपयोग किया गया।

डॉ. सून ने पॉडकास्ट में डिराक के सिद्धांत का हवाला दिया और भगवान के अस्तित्व के बारे में समझाया। डॉ. सून ने दावा किया कि गणित और ब्रह्मांड के बीच की सामंजस्य है।

# डोनाल्ड ट्रंप के सामने विदेश मंत्री से ही भिड़ गए एलन मस्क, किस बात पर छिड़ा विवाद?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद एलन मस्क को कई बड़ी जिम्मेदारियां मिली हैं। उन्हें ट्रंप का राइट हैंड तक कहा जाता है और इसको लेकर सरकार के अंदर ही भतभेद होते रहते हैं।

ऐसा ही नजारा उस समय देखने को मिला जब व्हाइट हाउस में एक हाईलेवल मीटिंग के दौरान एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप के सामने ही अपने विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भिड़ गए।



इस कारण दोनों में हुई तीखी बहस- दरअसल, ट्रंप सरकार जब से आई है अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार कड़े फैसले लेते जा रहे हैं। ऐसा ही एक फैसला स्टाफ में कटौती का है। अमेरिकी राजकर्मियों के संगठन समेत कई लोग इसका विरोध भी कर चुके हैं। अब इसी फैसले के चलते एलन मस्क और विदेश मंत्री में बहस हुई।

छंटनी पर दोनों में वार-पलटवार- रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ट्रंप प्रशासन के खर्चों में कटौती के बड़े समर्थक रहे हैं। अब इसी को लेकर वो विदेश मंत्री रुबियो से भिड़े। मस्क का आरोप है कि रुबियो ने अपने विभाग में पर्याप्त छंटनी नहीं की है।

मस्क ने बहस के दौरान विदेश मंत्री पर तंज भी कसा और कहा कि आपने किसी को नहीं निकाला और आपका विभाग बिना बात के इतना बड़ा है।

# भारत अपने टैरिफ में कटौती के लिए सहमत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया बड़ा दावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत की टैरिफ व्यवस्था पर हमला करते हुए कहा कि उच्च टैरिफ के कारण भारत को कुछ भी बेचना लगभग असंभव है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपने टैरिफ में उल्लेखनीय कटौती करने के लिए सहमत हो गया है।



कथित तौर पर इसलिए क्योंकि आखिरकार कोई उनके किए की पोल खोल रहा है। व्हाइट हाउस से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित अपने संबोधन में ट्रंप ने उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जिन्हें उनका प्रशासन जल्द ही लागू करने जा रहा है।

आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हम पर भारी शुल्क लगाता है। भारी शुल्क। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वह कटौती के लिए सहमत हो गया है। वह अब अपने शुल्कों में कटौती करना चाहता है, क्योंकि कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है।

रॉयटर के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कनाडा और मेक्सिको को क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप वस्तुओं पर अपने नए 25 प्रतिशत टैरिफ से छूट दी है, क्योंकि वह आटो निर्माताओं की मदद करना चाहते थे।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का एक्शन, नामी उद्योगपति का 14 करोड़ का प्राइवेट जेट किया जब्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद में एक कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने जांच के तहत करीब 14 करोड़ रुपये का एक निजी जेट जब्त किया है।

फाल्कन ग्रुप के पोंजी घोटाले पर एक्शन- इन प्रमोटरों ने कथित तौर पर पोंजी घोटाले में कई निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगे हैं। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड), इसके सीएमडी अमर दीप कुमार और कुछ अन्य के खिलाफ स्थानीय पुलिस एफआईआर से जुड़ा है।

जेट का इस्तेमाल विदेश भागा सीएमडी- जानकारी के अनुसार, कंपनी के सीएमडी अमर दीप कुमार इस जेट का इस्तेमाल कर देश से भाग गए हैं। आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए उनसे या उनकी कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

पीटीआई को मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने पाया कि 8-सीटर बिजनेस जेट एन935एच हॉकर 800ए (कुमार की कंपनी के स्वामित्व वाला) शुक्रवार को शमशाबाद में हैदराबाद अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा है, जिसके बाद उसे जब्त कर लिया गया।

16 लाख डॉलर में खरीदा गया था जेट 2024 में ये जेट करीब 16 लाख डॉलर में खरीदा गया था। ईडी अधिकारियों ने आज जेट की मनी लॉन्ड्रिंग केस के तहत तलाशी की और उन्होंने वहां मौजूद कुमार के चालक दल और कुछ करीबी सहयोगियों के बयान भी दर्ज किए।

उन्होंने बताया कि प्रेस्टीज जेट्स इंक नामक कुमार की निजी चार्टर कंपनी के स्वामित्व वाले व्यावसायिक विमान को जब्त कर लिया गया है। एजेंसी का मानना है कि जेट को कथित पोंजी योजना से कमाए घोटाले के पैसों से खरीदा था।

## रमजान में मुसलमानों की छुट्टी के खिलाफ सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट का इनकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सरकारों द्वारा रमजान में मुसलमानों की छुट्टी के फैसलों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दोनों राज्य की सरकारों द्वारा मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के पवित्र महीने के दौरान एक घंटा पहले दफ्तर छोड़ने की अनुमति दी गई है।

पीठ ने कही ये बात- प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी शिकायत संबंधित हाई कोर्ट में ले जाएं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि याचिका में दोनों सरकारों के परिपत्रों को चुनौती दी गई है।

पीठ द्वारा याचिका की सुनवाई में अनिच्छा दिखाने के बाद शंकरनारायणन ने संबंधित हाई कोर्ट में जाने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस ले ली।

शिकायत हाई कोर्ट में ले जाने की स्वतंत्रता- पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत संबंधित हाई कोर्ट में जाने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति चाहते हैं।

## खोजी कुत्तों ने सुरंग में इंसानी मौजूदगी वाले दो स्थान पहचाने, बचावकर्मियों ने मलबा निकालना किया शुरू



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंशिक रूप से ढही एसएलबीसी सुरंग के अंदर शुक्रवार को शवों के खोजी कुत्तों ने इंसानी मौजूदगी के दो संभावित स्थानों की पहचान की। इसके बाद बचावकर्मियों ने वहां का मलबा निकालना शुरू कर दिया है। 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से अब तक आठ लोग सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं। बचाव कार्य में केरल पुलिस के शवों को खोजने वाले कुत्ते शामिल होने के बाद शुक्रवार सुबह उन्हें सुरंग के अंदर ले जाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुत्ते उन संभावित स्थानों का पता लगा रहे हैं, जहां श्रमिक फंसे हो सकते हैं। उन्होंने दो संभावित स्थान पहचाने हैं और टीमें इन स्थानों से मलबा हटा रही हैं।

उन्होंने बताया कि ये कुत्ते लापता इंसानों और मानव शवों को खोजने के लिए विशेषरूप से प्रशिक्षित किए गए होते हैं। केरल पुलिस के ये खोजी कुत्ते बेल्जियन मालिनोइस नस्ल के हैं और 15 फीट गहराई की भी गंध का पता लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की मेडिकल टीम को भी मानक संचालन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सुरंग में भेजा गया है, ताकि उनका पता चलने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। दिन में खनन कंपनी और रैट माइन्स की टीम भी चुने गए स्थानों पर काम करने अंदर पहुंची। जबकि एक टीम रोबोट के इस्तेमाल की संभावना तलाशने के लिए शुक्रवार सुबह सुरंग में गई और बताया कि चट्टानों की मौजूदगी देखते हुए नेविगेट करने के लिए उसे एक खास तरीके की जरूरत है।

## भगोड़े ललित मोदी की भारत वापसी मुश्किल! सबसे सुरक्षित देश की नागरिकता ली, विदेश मंत्रालय का आया रिएक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व उद्योगपति और इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के संस्थापक ललित मोदी ने वनातु की नागरिकता हासिल कर ली है। इसका मतलब है कि ललित मोदी को स्वदेश लाना अब और मुश्किल हो गया है। इसको लेकर विदेश मंत्रालय का भी रिएक्शन सामने आया है।

भारतीय नागरिकता छोड़ने का आवदेन भेजा - 15 वर्ष पहले भारतीय जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर विदेश भाग चुके ललित मोदी ने न सिर्फ भारतीय नागरिकता छोड़ने का आवदेन भारत सरकार को भेजा है बल्कि प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटे से द्वीपीय देश वनातु की नागरिकता भी ले ली है। यह बात शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वीकार की है।

क्या बोला विदेश मंत्रालय- भारत में आर्थिक अपराध करके विदेश जाने वाले अन्य उद्योगपतियों जैसे विजय माल्या, मेहुल चोकसी और नीरव मोदी को भी स्वदेश लाने की कोशिशों का अभी तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।

अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के पास अपनी नागरिकता छोड़ने को लेकर आवेदन भेजा है। सरकार के कानून व नियमों के हिसाब से इस पर फैसला किया जाएगा। हमें यह भी पता चला है कि उसने वनातु की नागरिकता ले ली है, लेकिन हम भारतीय कानून के मुताबिक उसे स्वदेश लाने की कोशिश जारी रखेंगे।

आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित है वनातु - वनातु आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित एक द्वीपीय देश है। यहां सिर्फ 1.30 लाख डालर निवेश करने पर नागरिकता ली जा सकती है। अगर पति व पत्नी दोनों नागरिकता लेते हैं तो संयुक्त निवेश राशि में काफी बड़ी छूट मिलती है।

2010 में भारत छोड़कर भागे थे ललित मोदी- बता दें कि ललित मोदी पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनपर हेराफेरी, मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999 (फेमा) का उल्लंघन करने का आरोप है।

## वाह रेलवे क्या सम्मान किया... पहली बार केवल महिलाओं ने चलाई वंदे भारत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज रेलवे ने महिलाओं को खास सम्मान दिया, जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस को पूरी तरह से महिला चालक दल द्वारा संचालित किया गया।

महिला ड्राइवर ने चलाई वंदे भारत- दरअसल, महिला दिवस पर ये निर्णय लिया गया। यह ऐतिहासिक यात्रा साईनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह 6.20 बजे शुरू हुई।

ट्रेन का संचालन एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव और सहायक लोको पायलट संगीता कुमारी ने किया। ट्रेन संचालन की देखरेख श्वेता घोने ने की। महिला ट्रैवलिंग टिकट परीक्षकों (टीटीई) की एक समर्पित टीम तैनात की गई।

इसमें मुख्य टिकट चेकर अनुष्का केपी और एमजे राजपूत के साथ-साथ सारिका ओझा, सुवर्णा पश्ते, कविता मराल और मनीषा राम शामिल थीं।

लोको पायलट और सहायक लोको पायलट से लेकर ट्रेन मैनेजर, टिकट परीक्षक और ऑन-बोर्ड कैटरिंग स्टाफ तक, यात्रा के हर पहलू को महिलाओं ने ही संभाला। यह पहल न केवल भारतीय रेलवे में महिलाओं की ताकत, समर्पण और नेतृत्व का जश्न मनाती है, बल्कि इस क्षेत्र में अधिक लैंगिक प्रतिनिधित्व के लिए एक शक्तिशाली मिसाल भी स्थापित करती है।

रेलवे ने कहा कि यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और अधिक समावेशी रोजगार के अवसर पैदा करने की भारतीय रेलवे की व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

8 मार्च यानी अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वैश्विक उत्सव पर उन महिलाओं को सम्मानित किया जाता है जो समुदायों को प्रेरित करती हैं, उन्हें सशक्त बनाती हैं और परिवर्तनकारी बदलाव की हिमायती हैं।

## जल्द होगा आम्रपाली केस का निपटारा? SC ने कहा- अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता मुकदमा



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि रियल एस्टेट कंपनी आम्रपाली समूह के मामले अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकते हैं। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले पर अपने दिए गए निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट मांगी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि अदालत 2017 से लंबित कार्यवाही पूरी करने की उम्मीद कर रही है और इसकी वजह अब तक हुआ पर्याप्त अनुपालन है।

पीठ ने कोर्ट रिसीवर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी द्वारा दाखिल की गई स्टेटस रिपोर्ट पर फ्लैट खरीदारों और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का रुख भी पूछा। रिपोर्ट में बताया गया था कि एनबीसीसी ने आम्रपाली की रुकी हुई परियोजनाओं में लगभग 25 हजार फ्लैट का निर्माण पूरा कर दिया है। अदालत समय-समय पर समूह की विभिन्न परियोजनाओं में 45 हजार से ज्यादा फ्लैट खरीदारों की परेशानियां दूर करने के लिए कई निर्देश- आदेश पारित करती रही है।

अदालत ने फ्लैट खरीदारों से जवाब दाखिल करने को कहा

पीठ ने फ्लैट खरीदारों के वकील एमएल लाहोटी से स्टेट रिपोर्ट पर एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने वेंकटरमणी और एनबीसीसी के वकील सिद्धार्थ दवे से फ्लैट खरीदारों और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जवाबों पर भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा। लाहोटी ने कहा कि 2019 में कोर्ट द्वारा फ्लैट खरीदारों के 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में आम्रपाली समूह के सीएमडी अनिल शर्मा और अन्य अधिकारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की गई और पैसे लौटाने के निर्देश का पालन नहीं किया गया। स्टेटस रिपोर्ट में पैसे वापसी के आदेश पर कुछ भी नहीं है। इस पर वेंकटरमणी ने कहा, 2019 का आदेश फ्लैट खरीदारों को राहत देने के लिए रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने केंद्रित था, जिसका काफी पालन किया गया।

दैनिक हिन्दकुश

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

hindkush.in
24x7 News portal

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्

सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल दशमी

## संपादकीय

# हर देश में विकास की एक आंधी सी चल रही है



वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में विकास की एक आंधी सी चल रही है। हर देश वैश्विक वित्तीय मंचों संस्थाओं से अपने देश के लिए धन आवंटित कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि अपने देश को आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकें।भारत ने भी अपना विज़न 2047 रूपी विकसित भारत का विकासपत्र तैयार किया है, जिसमें आगे बढ़ाने की प्लान हमने पूर्ण बजट 1 फ़रवरी 2025 में भी देखें। परंतु इस बजट में ध्यान देने योग्य बात यह है कि माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में देश के विकास पथ में विकास और विरासत दोनों पर सरकार के जोर को रेखांकित किया जो ध्यान देने योग्य बात है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संस्कृति मंत्रालय के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये की वृद्धि करते हुए 3360.96 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. मंत्रालय के भीतर, एक बड़ा हिस्सा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को गया है,जिसे 2024- 25 में आवंटित 1273.91 करोड़ रुपये के मुकाबले 1,278.49 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसे संशोधित कर 1191.99 करोड़ रुपये कर दिया गया था.सरकार कल्चरल डेवलपमेंट तो चाहती है, लेकिन इसने शताब्दी और वर्षगांठ मनाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाले बजट में बहुत कमी कर दी है, इन आयोजनों के लिए बजट 2024-25 में 110 करोड़ रुपये से घटाकर 2025-26 में सिर्फ 35 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हालांकि, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ और अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती जैसे प्रमुख समारोह अभी भी सरकार के समर्थन से मनाए जाएंगे अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग के लिए निर्धारित धनराशि में तीव्र गिरावट देखी गई है। 2024-25 में 10.50 करोड़ रुपये से 2025-26 में 4.65 करोड़ कर दी गई है एएसआई वह एजेंसी है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों सहित 3,693 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, संरक्षण और विकास का कार्य सौंपा गया हैअन्य आवंटनों के अलावा, राष्ट्रीय पुस्तकालयों और अभिलेखागार के लिए 156.55 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं।

जो ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों के रखरखाव को सुनिश्चित करते हैं।राष्ट्रीय संग्रहालय और राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी जैसे संग्रहालयों को सांस्कृतिक संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने के लिए 126.63 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे. प्राचीन लिपियों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देते हुए, पांडुलिपियों के लिए राष्ट्रीय मिशन को 60 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक है।इस बीच, सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन के लिए 22.46 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों को समेकित करना है।सरकार संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे स्वायत्त सांस्कृतिक संस्थानों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगी।इन निकायों को सामूहिक रूप से 411.42 करोड़ रुपये मिलेंगे, इसके अतिरिक्त, विक्टोरिया मेमोरियल और भारतीय संग्रहालय सहित संग्रहालयों को उनके प्रदर्शन और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 379.58 करोड़ रुपये दिए गए हैं। हमें भारत की पौराणिक व पारंपरिक संस्कृति विरासत पांडुलिपि धरोहर स्मारकों को सहेज कर रखने के लिए हमारी नई पीढ़ी, युवाओं को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार ने भी मेरा गांव मेरी धरोहर, भारतीय संस्कृति व विरासत के बारे में युवाओं में जागरूकता फैलाने व राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन तथा राष्ट्रीय संस्कृति कोष जैसी योजनाएं चल रहा है।चूंकि आधुनिक विकास की आंधी में भारतीय संस्कृति विरासत पुरातत्व पांडुलिपि को बचाना अत्यंत जरूरी है।

# डॉ. नगेन्द्र



डॉ. नगेन्द्र भारत के प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार थे। आधुनिक हिन्दी की आलोचना को समृद्ध करने में डॉ. नगेन्द्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। वे काव्य शास्त्र के प्रकाण्ड विद्वान् माने जाते थे। उनके निबन्धों में वैचारिक औदात्य के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व भी अभिव्यक्ति पा गया है। उनके निबन्धों में एक सहृदय तथा भावुक निबन्धकार के गुण भली-भाँति लक्षित होते हैं। इसका कारण यह है कि नगेन्द्र जी का हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश एक कवि के रूप में हुआ था। उनकी प्रतिभा का विकास मूलतः आलोचनात्मक निबन्धकार के रूप में ही हुआ। हिन्दी के पांक्तेय आलोचक के रूप में नगेन्द्र विशेषतः यशस्वी रहे हैं।

परिचय- डॉ. नगेन्द्र का जन्म 9 मार्च, 1915 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ ज़िले में अतरौली नामक कस्बे में हुआ था। अपनी शिक्षा के अंतर्गत नगेन्द्र जी ने अंग्रेज़ी और हिन्दी विषयों में एम. ए. किया था। इसके बाद उन्होंने हिन्दी में डी. लिट. की उपाधि भी प्राप्त की थी। नगेन्द्र जी दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रोफ़ेसर तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष के पद पर से सेवानिवृत्त होने के उपरान्त स्वतन्त्र रूप से साहित्य की साधना में संलग्न हो गये थे। उन्होंने एमरिट्स प्रोफ़ेसर के पद पर भी कार्य किया था। वह आगरा विश्वविद्यालय, आगरा से रीतिकाल के संदर्भ में देव का अध्ययन शीर्षक शोध प्रबन्ध पर शोध उपाधि से अलंकृत हुए थे। भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में डॉ. नगेन्द्र को प्राध्यापक, रीडर एवं प्रोफ़ेसर के पदों पर नियुक्ति के समय विशेषज्ञ नियुक्त किया जाता था।

लेखन कार्य- नगेन्द्र जी ने अपनी प्रखर कलम के द्वारा हिन्दी निबन्ध साहित्य की गरिमा को अद्वितीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाहित की। उनके द्वारा कृत मेरा व्यवसाय और साहित्य सृजन शीर्षक इस निबन्ध लेखक की आत्मपरक शैली का प्रतीक है। इस रचना में नगेन्द्र जी ने अपने आपको अपनी ही दृष्टि से देखा तथा परखा है। यह निबन्ध अध्यापकों-अध्यापिकाओं के लिये विशेषतः उपादेय है। डॉ. नगेन्द्र का यह मानना था कि अध्यापक वृत्तितः व्याख्याता और विवेकशील होता है। ऊँची श्रेणी के विद्यार्थियों और अनुसन्धाताओं को काव्य का मर्म समझाना उसका व्यावसायिक कर्तव्य व कर्म है। उन्होंने यह भी लिखा है कि अध्यापन का, विशेषकर उच्च स्तर के अध्यापन का, साहित्य के अन्य अंगों के सृजन से सहज सम्बन्ध न हो, परन्तु आलोचना से उसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। कक्षा के मंच पर अध्यापक किसी साहित्यिक समस्या को लेकर स्वयं निर्णय ले सके तथा शिक्षार्थी वर्ग की निर्णय शक्ति का विकास कर सके। यह निश्चय ही अध्यापक के धर्म की परिधि कहलाती है।

भाषा- डॉ. नगेन्द्र के निबन्धों की भाषा शुद्ध, परिष्कृत, परिमार्जित, व्याकरण सम्मत तथा साहित्यिक खड़ी बोली है। गद्य भाषा की प्रमुख विशेषता यह है कि वह विषयानुरूप अपना स्वरूप बदलती चलती है। निबन्धों में सर्वत्र भाषा का रूप साफ सुथरा, शिष्ट, मधुर एवं समर्थ लक्षित होता है। भारत भूषण अग्रवाल ने नये शब्दों के निर्माण की दृष्टि से डॉ. नगेन्द्र का अवदान सर्वोपरि माना है। नगेन्द्र जी सामान्यतः गम्भीर तथा चिन्तन-प्रधान निबन्धकार के रूप में जाने जाते हैं। साहित्यिक आलोचनात्मक निबन्ध लेखन के आधार पर उन्होंने साहित्य की प्रभूत सेवाएँ की हैं। उनके निबन्धों में विचार-गाम्भीर्य, चिन्तन की मौलिकता तथा शैली की रोचकता का सहज समन्वय लक्षित होता है।

शैली- डॉ. नगेन्द्र की निबन्ध लेखन की शैली में भावों एवं विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान करने की अद्भुत क्षमता लक्षित होती है। उनकी लेखन शैली अंग्रेज़ी साहित्य से प्रभावित रही है। इसका कारण यह है कि वह अंग्रेज़ी साहित्य से सम्पूर्णतः प्रभावित और प्रेरित होकर हिन्दी साहित्य की साधना के मार्ग पर चले थे। उनके निबन्ध साहित्य में निम्नलिखित शैलियों का व्यवहार सम्यक रूपेण लक्षित होता है-

विवेचनात्मक शैली - नगेन्द्र जी मूलतः आलोचनात्मक एवं विचारात्मक निबन्धकार के रूप में समादृत रहे थे। इस शैली में लेखक तर्कों द्वारा युक्तियों को सुलझाता हुआ चलता है। वह अत्यन्त गम्भीर एवं बौद्धिक विषय को अपनी कुशल विवेचना पद्धति के द्वारा सरल रूप में स्पष्ट कर देता है तथा विवादास्पद विषयों को अत्यन्त बोधगम्य रीति से समझाने की चेष्टा करता है। उनका आस्था के चरण शीर्षक निबन्ध संकलन इस शैली का अच्छा उदाहरण है।

प्रसादात्मक शैली - इस शैली का प्रयोग डॉ. नगेन्द्र के निबन्ध साहित्य में सर्वत्र देखा जा सकता है। इस शैली के द्वारा लेखक ने विषय को सरल तथा



बोधगम्य रीति से प्रस्तुत करने का कार्य किया है। यह भी एक तथ्य है कि कि डॉ. नगेन्द्र का मन सम्पूर्णतः प्राध्यापन व्यवसाय में ही रमण करता रहा। इसीलिए लिखते समय वह इस बात का ध्यान रखते थे कि जो बात वह कह रहे हैं, उसमें कहीं किसी प्रकार की अस्पष्टता न रह जाए।

गोष्ठी शैली - हिन्दी उपन्यास नामक निबन्ध में नगेन्द्र जी ने गोष्ठी शैली का व्यवहार किया है। सही अर्थों में वे अपनी प्रतिभा के बल पर ही निबन्ध साहित्य में गोष्ठी शैली की सृष्टि करने में सफल रहे थे।

सम्वादात्मक शैली - हिन्दी साहित्य में हास्य की कमी शीर्षक रचना में इस शैली का प्रयोग देखा जा सकता है। इस शैली में जागरुक अध्येताओं को स्पष्टता एवं विवेचना दोनों ही बातें लक्षित हो जाएंगी।

# अब नारी नहीं रही अबला, खुद की वित्तीय सुरक्षा पर जोर दे रहीं महिलाएं...



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में महिलाएं, तेजी से अपनी वित्तीय सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही हैं। इसका पता इस बात से चलता है कि टर्म इंश्योरेंस खरीदने वाली लगभग 44 प्रतिशत महिलाएं अब एक करोड़ रुपये या उससे अधिक का कवर चुनती है।

टर्म लाइफ इंश्योरेंस में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि-आंकड़ों से पता चलता है कि निवेश से जुड़ी पालिसियों, स्वास्थ्य बीमा और टर्म लाइफ इंश्योरेंस में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पालिसी बाजार के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि यह बदलाव वित्तीय निर्णय लेने में व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है, जो कार्यबल में अधिक भागीदारी और डिजिटल वित्तीय उपकरणों तक बढ़ती पहुंच से प्रेरित है।

गृहिणियां भी किसी के कम नहीं- आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में टर्म इंश्योरेंस खरीदने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है। इसमें वेतनभोगी महिलाएं 49 प्रतिशत के साथ सबसे आगे हैं। इसके बाद गृहिणियों का स्थान है जो 39 प्रतिशत है। 31-40 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं ने सबसे ज्यादा टर्म इंश्योरेंस खरीदा है और महिलाओं द्वारा खरीदे जाने वाले टर्म इंश्योरेंस में इनकी हिस्सेदारी 48 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य बीमा में पालिस प्रस्तावकों के तौर पर महिलाओं की भागीदारी पिछले ये सालों में 15 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है, जो वित्तीय जागरूकता में वृद्धि को दर्शाता है। इस खंड में अधिकांश महिलाएं उच्च कवरेज का विकल्प चुन रही हैं।

70-75 प्रतिशत 10 लाख रुपये या उससे अधिक की बीमा राशि चुन रही हैं। 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं बढ़ती चिकित्सा लागत को देखते हुए एक करोड़ के कवरेज को अधिक किफायती मानती हैं और इसके लिए वह सुपर टाप-अप प्लान का उपयोग कर रही हैं। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूएलआइपी) में कुल निवेश का 19 प्रतिशत अब महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

पिछले वर्ष 8.9 करोड़ महिलाएं श्रम बाजार से बाहर रहीं - पिछले छह सालों के दौरान जहां शहरी महिलाओं के रोजगार पाने की दर में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## एयरपोर्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी ने की बड़ी डील, 72 के शेयर में होगी हलचल?



नई दिल्ली (एजेंसी)। एविएशन सेक्टर से जुड़ी कंपनी- जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने एक बड़ी डील की है। दरअसल, कंपनी ने जर्मनी की फ्रापोर्ट से 10 प्रतिशत शेयरहोल्डिंग का अधिग्रहण पूरा करने के बाद डायल कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है। बता दें कि डायल, दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी है।

पिछले सितंबर महीने में जीएमआर समूह की कंपनी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 12.6 करोड़ डॉलर में खरीदने के लिए फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के साथ शेयर खरीद समझौते की घोषणा की थी। अब जीएमआर एयरपोर्ट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि कंपनी और फ्रापोर्ट के बीच शेयरों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

जीएमआर एयरपोर्ट्स ने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद उसकी डायल में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत से बढ़कर अब 74 प्रतिशत हो गई है। डायल में शेष 26 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास है। डायल राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन करती है जो कि देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है।जीएमआर एयरपोर्ट्स के शेयर की बात करें तो भाव 1.37% टूटकर 72.70 रुपये पर आ गया।

## 'मालिक' ने बेच दिए 9,00,000 शेयर, 70% टूटा चुका है स्टॉक, कर्ज के बोझ के तले दबी है सोलर कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों का बुरा हाल है। अब कंपनी से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। कंपनी के प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच दिया। इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ शुक्रवार को साझा की गई। बता दें, बीते 8 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 70 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी।

एक और जानकारी देते हुए कंपनी ने बताया कि वो स्टॉक स्प्लिट और फंड जुटाने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं। इसके लिए कंपनी की बोर्ड मीटिंग 13 मार्च को बुलाई गई है। इसी में इसका फैसला होगा। बता दें, इससे पहले गुरुवार को कंपनी ने बताया था कि उनके सीएफओ अंकित जैन ने इस्तीफा दे दिया है। अब उनकी जगह जबरिमेहदी लेंगे।

एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। यानी उन्होंने कुल 9 लाख शेयरों की बिक्री की है। इस पैसा का उपयोग कंपनी में निवेश के लिए और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। बता दें, इस बिक्री के बाद अब कंपनी में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 59.70 प्रतिशत रह गई है।

फरवरी के महीने में कंपनी के शेयरों में गिरावट शुरू हुई। जब ज्यादातर क्रेडिट एजेंसी जैसे केयर और इक्रा रेटिंग को घटाना शुरू किया। कंपनी को झटका तब लगा जब केयर रेटिंग लिमिटेड ने 716 करोड़ रुपये के लोन को डिफाल्ट घोषित कर दिया। यह सोलर कंपनी कर्ज से जूझ रही है। पिछले दिनों इरेडा के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया था कि जेनसोल के लोन नॉन परफॉर्मिंग नहीं हुए हैं।

शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बाजार के बंद होने के समय पर 4.22 प्रतिशत की गिरावट के बाद 321.20 रुपये पर था। 2023 में कंपनी ने 1 शेयर पर 2 शेयर और 2021 में कंपनी ने 3 शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था।

## 424 तक जाएगा अडानी का यह शेयर, एक्सपर्ट बोले- मुनाफा चाहिए तो खरीद लो




नई दिल्ली (एजेंसी)। गौतम अडानी समूह की कई ऐसी कंपनियां हैं जिसके शेयर पिछले कुछ दिनों से सुस्त पड़े हैं। ऐसा ही एक शेयर अडानी विल्मर का है। 2025 में अब तक शेयर में 20 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई है। वर्तमान में शेयर की कीमत 260 रुपये के करीब है। हालांकि, एक्सपर्ट इसको लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं।

दरअसल, नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अडानी विल्मर लिमिटेड पर अपनी खरीदें रेटिंग बरकरार रखी है और शेयर पर 12 महीने का टारगेट प्राइस 424 रुपये रखा है, जो मौजूदा शेयर मूल्य से 60 प्रतिशत ज्यादा उछाल के संकेत देता है। नुवामा ने कहा कि अडानी विल्मर की पूरे भारत में, विशेष रूप से उत्तर भारत में उपस्थिति है और जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग के अधिग्रहण के बाद कंपनी अपनी वितरण क्षमताओं का और अधिक लाभ उठा सकेगी तथा परिचालन बढ़ा सकेगी।

हाल ही में अडानी विल्मर लिमिटेड ने टॉप्स ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग का अधिग्रहण करने का ऐलान किया। फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल और अन्य खाद्य उत्पादों की बिक्री करने वाली अडानी विल्मर ने बताया कि यह अधिग्रहण कई किस्तों में पूरा किया जाएगा। इसमें 80 प्रतिशत शेयर पहली किस्त में जबकि शेष 20 प्रतिशत शेयर अगले तीन साल में हासिल किए जाएंगे।

# दिग्गज कंपनी को दिवालिया करने के लिए याचिका, 50 है शेयर की कीमत, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्राइवेट सेक्टर की एयरलाइन स्पाइसजेट को एक बार फिर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, आयरलैंड के तीन विमान पट्टेदारों और एक पूर्व पायलट ने कंपनी के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दायर की है, जिसमें चूक का दावा किया गया है। ये तीन विमान पट्टा कंपनियां- एनजीएफ अल्फा, एनजीएफ जेनेसिस और एनजीएफ चार्ली हैं।

इन कंपनियों ने आईबीसी की धारा 9 के तहत याचिका दायर की है, जिसमें स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। याचिका में कुल 1.26 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपये) का बकाया होने का दावा किया गया है। बता दें कि स्पाइसजेट ने इसी सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की कार्यवाही के दौरान मामले को सुलझाने के लिए कुछ समय मांगा था।

एनसीएलटी ने एक आदेश में कहा- परिचालन ऋणदाता (स्पाइसजेट) की ओर से वकील मौजूद हैं और मामले में भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा है। न्यायाधिकरण ने तीनों याचिकाओं को अगली सुनवाई के लिए सात अप्रैल, 2025 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पट्टेदारों ने पहले स्पाइसजेट को पांच बोइंग 737 पट्टे पर दिए थे। उन्होंने स्पाइसजेट को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें उन्होंने इंजन सहित विमान के कुछ हिस्सों की चोरी और उन्हें दूसरे विमानों में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

इसके अलावा, पायलट द्वारा दायर याचिका के संबंध में, दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ ने पूछा कि क्या दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 10ए के तहत पायलट के दावों पर रोक है।

## पोस्ट ऑफिस चलाने वाले बैंक का आ रहा IPO, कब तक लिस्टिंग का प्लान, जानें




नई दिल्ली (एजेंसी)। पोस्ट ऑफिस को चलाने वाले इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) का आईपीओ आने वाला है। इसी के तहत केंद्र सरकार ने आईपीपीबी में अपनी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले से जुड़े विभाग ने अब इस बात पर चर्चा शुरू कर दी है कि केंद्र सरकार लिस्टिंग के लिए कितनी इक्विटी बेचेगी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक आर विश्वेश्वरन ने कहा-हमने इस मामले पर दिशा-निर्देश मांगने के लिए सरकार को पत्र लिखा है। बता दें कि आईपीपीबी की स्थापना डाक विभाग के तहत की गई थी। इसमें 100त्न इक्विटी सरकार के स्वामित्व में थी।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक को बैंकिंग नियामक द्वारा निर्धारित लाइसेंसिंग जरूरतों का पालन करने के लिए मार्च 2026 के अंत तक शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# पूर्व गृहमंत्री के भतीजे की दूकान से चोरी हुए जेवर खरीदने पर गुना का व्यापारी भी गिरफ्तार

रतलाम। जावरा शहर पुलिस ने पूर्व गृहमंत्री व भाजपा नेता हिम्मत कोठारी के भतीजे तथा सराफा व्यापारी प्रकाशचंद्र कोठारी की जावरा के बजाज खाना में स्थित दुकान से पांच करोड़ रुपये से अधिक के जेवर चोरी होने के मामले में गुना के एक और व्यापारी आरोपित सागर सोनी को भी गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12.25 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए है। मामले में गुना के एक अन्य व्यापारी सहित तीन आरोपित पहले गिरफ्तार किए गए थे। अब तक पुलिस करीब 21 लाख के जेवर जब्त कर चुकी है। शेष माल फरार पांच आरोपितों के पास होना बताया गया है।

### *यह है पूरा मामला*

उल्लेखनीय है कि 15 व 16 सितंबर 2023 की दरमियानी प्रकाशचंद्र कोठारी के घर की किचन की खिड़तकी तोड़कर चोर दुकान में पहुंचे थे तथा वहां से करीब पांच करोड़ रुपये के जेवर व 3.60 रुपये नकद चुराकर ले गए थे।



पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वारदात गुना के पारदी गिरोह ने की है।कुछ समय बाद पुलिस ने 24 वर्षीय गौरव रधुवंशी पुत्र बुंदेलसिंह रधुवंशी निवासी ग्राम पिपरिया (गुना) को गिरफ्तार किया था। वह कार में आरोपितों को लेकर आया था।

उससे पूछताछ करने के बाद अगस्त 2024 में गिरोह के सदस्य आरोपित 30 वर्षीय गंगू उर्फ गंगाराम पुत्र बापूड़ा निवासी ग्राम नई कनेरी (खेजरा चक्र) जिला गुना व व्यापारी 59 वर्षीय देवेंद्र सोनी पुत्र टीकाराम सोनी निवासी गुना को गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ में गंगू ने अपने छह साथियों के नाम बताया थे तथा उसके हिस्से में आए जेवर आरोपित 34 वर्षीय सागदर सोनी पुत्र गजानंद सोनी निवासी नायापुरा वर्धमान कालोनी गुना को बेचना बताया था।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि सागर सोनी व फरार अन्य आरोपितों की तलाश में एएसपी राकेश खाखा व जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय मार्गदर्शन व जावरा शहर थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

टीम लगातार गुना जाकर फरार आरोपितों की तलाश कर रही थी। इसी बीच छह मार्च को टीम को सूचना मिली कि सागर सोनी गुना में आया हुआ है।

टीम ने वहां पहुंचकर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। सागर के कब्जे से 80 ग्राम सोने तथा पांच किलो चांदी के जेवर बरामद किए गए।

पहले नौ लाख के जेवर जब्त किए थे, पांच आरोपित फरार

पुलिस ने पहले गिरफ्तार किए गए आरोपित देवेंद्र सोनी से करीब नौ लाख रुपये के जेवर जब्त किए थे।मामले में आरोपित कालिया उर्फ कालीचरण उर्फ हरिसिंह पुत्र सागरमल पारदी, पवन पुत्र बापुड़ा पारदी, रामपूजन पुत्र हटेसिंह पारदी व राहुल पुत्र नाथुड़ा पारदी चारों निवासी ग्राम खेजड़ा चक्र (गुना) तथा मुरारी पुत्र जगन्नाथ पारदी निावसी ग्राम खेजड़ा चक्र फरार चल रहे है।

# शव यात्रा में मधुमक्खियों का हमला, शव छोड़कर भागे लोग




दमोह। शनिवार को दमोह के फुटेरा तालाब के समीप अंतिम यात्रा में शामिल लोगों पर अचानक ही मधुमक्खियों द्वारा हमला कर दिए जाने के कारण शव यात्रा में शामिल लोग अर्थी को जमीन पर रखकर भाग गए। इस घटना में लगभग 50 लोग मधुमक्खियों के हमले का शिकार हुए हालांकि इलाज हेतु जिला अस्पताल कोई भी नहीं पहुंचा।घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 11ः30 बजे दमोह शहर के फुटेरा तालाब के समीप स्थित हटा नाका मुक्तिधाम के लिए मांझी समाज की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला रैकवार के निधन हो जाने के उपरांत उनकी शव यात्रा में अनेक लोग शामिल थे कि जैसे ही शव यात्रा फुटेरा तालाब के समीप पहुंची और शव यात्रा के आगे चल रहे मटके के धुएं से अचानक झुंझलाकर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।इस अचानक हमले में शव यात्रा में शामिल अनेक लोग घायल हो गए और अपने आप को बचाने के लिए अर्थी को ही छोड़कर भाग खड़े हुए।

वहीं दूसरी ओर तालाब के किनारे कुछ अन्य लोग मुंडन संस्कार करा रहे थे कि अचानक उन पर भी मधुमक्खियों के हमले होने से वह भी घायल हो गए। हालांकि इस मधुमक्खियों के हमले से घायल कोई भी व्यक्ति इलाज के लिए जिला अस्पताल नहीं पहुंचा।

# महिला को जिला बदर किया तो उमरिया कलेक्टर पर हाईकोर्ट ने ठोंका 25 हजार का जुर्माना



उमरिया। एक महिला आरोपित को जिला बदर करने के मामले में हाई कोर्ट ने उमरिया कलेक्टर पर 25 हजार का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। मामला उमरिया जिले का है जहां बिरसिंहपुर पाली निवासी मुन्नी उर्फ माधुरी तिवारी के खिलाफ जिला बदर किए जाने का आदेश दिया गया था।महिला के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई पर हैरानी जताते हुए हाईकोर्ट जबलपुर ने शहडोल कमिश्नर के कामकाज को लेकर भी गंभीर टिप्पणी की है।

हाई कोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने जिला बदर की कार्रवाई को निरस्त करते हुए कहा कि कमिश्नर को डाकघर में काम करने वाले अधिकारी की तरह काम नहीं करना चाहिए, कि डाक आई और मार्क कर दिया।

हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी आवेदन पत्र या मामले के दस्तावेज को अवलोकन करने और उस पर अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।अपील में कलेक्टर का आदेश रखा बरकरार मुन्नी बाई ने कलेक्टर के जिला बदर के आदेश के खिलाफ कमिश्नर शहडोल के समक्ष अपील की लेकिन कमिश्नर ने भी उमरिया कलेक्टर के आदेश को बरकरार रखा।

इसी मामले को मुन्नीबाई ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि उसके खिलाफ सिर्फ 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

मुन्नी बाई के ऊपर धारा 110 के तहत दो मामले और दो मामूली मारपीट की धाराओं के दर्ज हैं। इसके अलावा दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। हालांकि उसे किसी भी आपराधिक प्रकरण में सजा नहीं हुई है।

# सीहोर के बक्तरा में दलित पर हमले का वीडियो वायरल, गांव में तैनात हुई पुलिस फोर्स

सीहोर। सीहोर जिले में शुक्रवार को शाहगंज थाने के तहत के बक्तरा गांव में एक युवक की हत्या के बाद पूरा गांव में दूसरे दिन भी पुलिस तैनात है। यहां दबंगों ने दलित बस्ती के घरों में घुसकर हमला कर दिया था, जिसको लेकर राज्य सभा सदस्य रामजी गौतम और उत्तर प्रदेश के नगीना संसदीय क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।



हालांकि इस मामले में अभी तक वायरल वीडियो से घटना की तारीख की कोई पुष्टि नहीं हुई है, न ही पुलिस थाने में मारपीट को लेकर दबंगों पर मामला दर्ज हुआ है। वायरल वीडियो के बाद दलित संगठन इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से मिलने और दबंगों के खिलाफ मामला दर्ज कराने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि इसी बक्तरा गांव में बीती 23 फरवरी को दलित समाज और दबंगों के बीच विवाद हो गया था, इसको लेकर शाहगंज थाने में मामला दर्ज हुआ था, लेकिन उसके बाद दबंगों ने पंचायत कर दलित समाज को दुकानों से सामान खरीदने की मनाही कर दी थी।

ज्ञापन देकर न्याय की मांग की थी

इसके बाद दलित समाज ने सीहोर पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की थी। मामला शांत होता इससे पहले ही शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद तनाव पूर्ण माहौल निर्मित हो गया।

इस दौरान किरार समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर खड़े हाथ ठेलों और अन्य सामान को आग के हवाले कर दिया और मृतक बबलेश चौहान का शव मार्ग पर रखकर चक्काजाम कर दिया।

बच्चों तक से मारपीट की गईहालात और बिगड़ते गए जिसके बाद नर्मदापुरम, रायसेन व सीहोर का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शुक्रवार शाम तक मामला शांत कराया, लेकिन इस बीच दलितों का कहना है कि दबंगों द्वारा घटना के बाद उनकी बस्ती के घरों में घुसकर तोडफ़ोड और महिला, पुरुष और बच्चों तक से मारपीट की गई है।

गांव के हालात देखते हुए पुलिस बल तैनात

इस दौरान जब पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया तो उनसे भी झूमा झटकी की गई। हालांकि इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष से मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन गांव में हालात को देखते हुए अब भी पुलिस बल तैनात है।

वहीं दलित संगठनों की घटना स्थल पर पहुंचने की भी सूचना आ रही है। जिससे राजनीति और गर्मा रही है। इस संबंध में बक्तरा चौकी प्रभारी करन सिंह ठाकुर का कहना है कि दोनों पक्ष की तरफ से विभिन्न धाराओं मामला दर्ज किया गया है, वहीं आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।




# केंद्रीय वित्त आयोग ने उद्योग एवं व्यापारिक निकायों के प्रतिनिधियों संग चर्चा की




इंदौर। सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग ने निर्यात भवन पीथमपुर में उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास और आर्थिक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आयोग सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, आयोग के सचिव श्री ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव श्री के.के. मिश्रा, कमिश्नर श्री दीपक सिंह और कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा भी मौजूद थे।

औद्योगिक विकास नीति में अपार संभावनाएं : एमपीआईडीसी एमडी- एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री चंद्रमौली शुक्ला ने उद्योग विभाग की इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें निजी क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बैठक से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में नए अवसरों को बल मिलेगा और उद्योग जगत की मांगो को केंद्र सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

वित्त आयोग की सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा कि उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा।

औद्योगिक संगठनों ने रखीं अहम मांगें- औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष विभिन्न उद्योग और व्यापार से संबंधित कई सुझाव दिये इनमें एयर कार्गो हब और एयरोप्लेन मेंटेनेंस हब की स्थापना, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु स्किल डेवलपमेंट सेंटर, डेटा सेंटर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की आवश्यकता से अवगत कराया। संगठन के सदस्यों ने एमपी को ट्राइबल और फॉरेस्ट एरिया होने के कारण केंद्र सरकार से अधिक समर्थन की मांग करते हुए एग्रीकल्चर और हेल्थकेयर सेक्टर को बढ़ावा देने की जरूरत भी बताई। प्रतिनिधियों ने ऑटो इंडस्ट्री में नए निवेश और आधुनिकीकरण की आवश्यकता बताते हुए आरएंडडी क्षेत्र में बढ़ती लागत के लिए समर्थन भी मांगा। प्रतिनिधियों ने प्लास्टिक रिसाइक्लिंग और बॉयोडिग्रेडेबल प्लास्टिक निर्माण के लिए नए स्किल सेंटर एवं फंडिंग, औद्योगिक विकास को गति देने हेतु रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार, रियल एस्टेट उद्योग को समर्थन, टेक्सटाइल इंडस्ट्री की जरूरतों पर विशेष ध्यान, ड्यूटी फ्री लोकल मार्केट की मांग, पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बेहतर अधोसंरचना के लिये सुझाव देते हुए कहा छोटे उद्योगों के विकास के लिए अधिक योजनाओं की जरूरत जताई।

धार जिले की आर्थिक और सामाजिक विशेषताओं की दी गई जानकारी- कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में धार जिले की आर्थिक, भौगोलिक और सामाजिक विशेषताओं की जानकारी दी और बताया कि किस तरह सरकार औद्योगिक विकास के लिए काम कर रही है। बैठक में श्री गौतम कोठारी - अध्यक्ष पीथमपुर औद्योगिक संगठन, श्री श्रेयस्कर चौधरी- अध्यक्ष, एमपी टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन, श्री आदित्य श्रीवास्तव- पूर्व उपाध्यक्ष, व्हीईसीव्ही ऑटोमोबाइल, श्री आशीष जिटेशी - संयंत्र प्रमुख, सिप्ला लिमिटेड (फार्मा), श्री अविनाश सेठी - निदेशक, इंफोबीन्स लिमिटेड (आईटी), श्री सुमित सूरी - अध्यक्ष, इंदौर होटल एसोसिएशन, योगेश मेहता - अध्यक्ष, एआईएमपी (एमएसएमई), श्री सचिन बंसल - अध्यक्ष, इंडियन प्लास्ट पैक फोरम (प्लास्टिक एवं पैकेजिंग), श्री संदीप जैन - निदेशक, श्री जयदीप इस्पात (इस्पात उद्योग), श्री सुमित मंत्री/ श्री संदीप श्रीवास्तव - क्रेडाई (रियल एस्टेट संघ), श्री दिनेश मिश्रा - उपाध्यक्ष, एसआरएफ लिमिटेड (पैकेजिंग फिल्म उद्योग), श्री अक्षत चोरड़िया - अध्यक्ष, सीआईआई मालवा, सुश्री केमिषा सोनी - पदाधिकारी, आईसीएआई मौजूद रही।

## प्रमुख सचिव श्री पी.नरहरि ने इंदौर संभाग के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली



इंदौर। संभागायुक्त कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी. नरहरि ने इंदौर संभाग में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण और सुधार कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव श्री नरहरि ने इंदौर सहित धार,झाबुआ,अलीराजपुर और बुरहानपुर जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। बैठक में श्री नरहरि ने संभाग के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित समय सीमा में हर घर में नल से जल पहुंचाने संबंधी कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किया जाये, ताकि गर्मियों में शहरी और ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रीष्म ऋतु नजदीक ही है, इसलिये सभी नागरिकों को जल जीवन मिशन के तहत नल से जल योजनातंर्गत शुद्ध जल मिलेगा तो डायरिया जैसी गंभीर बीमारियां भी नहीं होंगी। श्री नरहरि ने कहा कि नल से जल का लाभ संभाग के सभी गाँवों को इसी माह के अंत तक पूरा मिल जाना चाहिये। नागरिकों की समस्याओं को समय पर पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस कार्य को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाये।

# हौसलों की उड़ानः इंदौर की पूजा गर्ग बनीं संघर्ष और साहस की मिसाल



इंदौर। जीवन की कठिनाइयों से घबराना नहीं, बल्कि उन्हें पार कर आगे बढ़ना ही असली सफलता है। इस विचारधारा को अपने जीवन में आत्मसात कर, इंदौर की बेटी पूजा गर्ग ने अपने अटूट हौसले और संघर्ष से समाज के लिए मिसाल कायम की है। 14 वर्षों से स्पाइनल इंजरी और बोन कैंसर से लड़ते हुए भी उन्होंने हार नहीं मानी और खुद को एक इंटरनेशनल खिलाड़ी, मोटिवेशनल स्पीकर और समाजसेवी के रूप में स्थापित किया।

2010 में एक दुर्घटना के कारण पूजा की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी, जिससे वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गई। लेकिन जिंदगी की इस परीक्षा को उन्होंने अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। हाल ही में उन्हें बोन कैंसर का भी पता चला, लेकिन इस मुश्किल घड़ी में भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने खुद से वादा किया कि वे अपने संघर्ष से दूसरों को प्रेरणा देंगी और कैंसर पीड़ितों के लिए एक नई रोशनी बनेंगी।

खेलों में शानदार प्रदर्शन- शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, पूजा ने कयाकिंग और केनोइंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और उज्बेकिस्तान व जापान में चौथा स्थान प्राप्त किया। यही नहीं, उन्होंने पिस्टल शूटिंग में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीते और खुद को एक रिनाउंड शूटर के रूप में स्थापित किया।

अपनी प्रेरणादायक सोच को आगे बढ़ाते हुए, पूजा ने इंदौर से नाथुला तक एक कैंसर अवेयरनेस यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य था कैंसर पीड़ितों को यह संदेश देना कि बीमारी चाहे कितनी भी बड़ी हो, उससे लड़ने का हौसला कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस पहल ने न केवल मरीजों में आत्मविश्वास बढ़ाया बल्कि समाज को भी एक नया दृष्टिकोण दिया।

# 16वें वित्त आयोग का दल इंदौर के स्वच्छता में अव्वल रहने के सौपानों का बना साक्षी




इंदौर। इंदौर स्वच्छता में लगातार सात वर्षों से पूरे देश में अव्वल है। स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने देश में विशेष मुकाम हासिल किया है। इंदौर में आया 16वें वित्त आयोग के सदस्यगणों का दल इंदौर के स्वच्छता में अव्वल रहने के सौपानों का साक्षी बना। इंदौर में आज उन्होंने देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बने परी पार्क में बैठकर इंदौर के स्वच्छता की सफल कहानी देखी। उन्होंने इस दौरान सूखे कचरे के निपटान हेतु बनाए गए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर, 15 लाख मेट्रिक टन क्षमता के पुराने कचरे का बायो रिमेडिएशन पद्धति से निपटान व्यवस्था, 100 एकड़ भूमि पर फलदार एवं ऑक्सीजन देने वाले पौधों से बनाए गए सिटी फॉरेस्ट और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट का जायजा लिया।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की विशेष उपस्थिति में 16वें वित्त आयोग के सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्याकांति घोष, सचिव श्री ऋत्विक पांडे ने यह भ्रमण किया। इस मौके पर इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा आदि मौजूद थे। इस दौरान 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने इंदौर में हो रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों की सराहना की। सदस्यों को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता के सौपानों की जानकारी दी। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह प्लांट सीएनजी निर्मित करने वाला एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। इसकी क्षमता 550 टीपीडी गोबर धन है, इसे बढ़ाकर 800 टीपीडी करने का लक्ष्य है। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि इंदौर में हर तरह के कचरे के उपयोग की योजना भी तैयार की जा रही है। यहाँ फ्युल ब्रिकेट्स तथा लिक्विड फर्टिलाइजर बनाने की योजना भी तैयार कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इंदौर में स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण सुधार पर भी विशेष ध्यान है।

## इंदौर के आतिथ्य सत्कार से अभिभूत हुए वित आयोग के सदस्यगण

इंदौर। 16वें वित्त आयोग के दल ने आज इंदौर में ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव सुने। इंदौर में मिले आतिथ्य सत्कार से दल के सदस्य अभिभूत हुए। वित्त आयोग की पूर्णकालिक सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के संदर्भ में उल्लेखनीय कार्य किया है। आज कचरे से बनी परी देखकर आश्चर्य हुआ। उन्होंने वित्त आयोग की वर्किंग के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि आयोग को 28 राज्यों में विजिट करना है। मध्यप्रदेश 20वाँ राज्य हैं, जहाँ आयोग द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। नगर निगम इंदौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयोग के सदस्यगण श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष और श्री ऋत्विक पांडे सहित नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह और कलेक्टर श्री आशीष सिंह मंचासीन थे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# किसान कल्याण विभाग का शुक्रवार को एक दिवसीय प्रगतिशील किसान भ्रमण कार्यक्रम संपन्न






उज्जैन । गत दिवस जिले मे आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सहयोगी संस्था द्वारा मॉडल विलेज नलवा ब्लॉक उज्जैन तथा नागझिरी एवं हत्याखेड़ीं मे कृषि विभाग के उज्जैन एवं तराना विकाखंड के 25 प्रगतिशिल किसान का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे नलवा मे CSV के किसानो के साथ स्टॉप डेम पर मीटिंग की गई जिसमे साथ ही NCHSE संस्था से कृषि विशेषज्ञ श्री रुपेश पाटिल के द्वारा चारो कम्पोनेंट -

1. जलवायु आधारित खेती
2. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन
3. आजीविका के विभिन्न आयाम
4. संस्थागत सहयोग एवं विकास

के बारे मे किसानो को जानकारी दी गई ! इसके वाद खरेट के किसान श्री ईश्वर सिंह राठौर द्वारा ढ्ढञ्जष्ट के कार्यों एवं स्वयं की सक्सेस स्टोरी के बारे मे बताया, इसके पश्चात बड़नगर ब्लॉक के नागझिरी गांव में किसान श्री गोपाल डोडिया जी के फार्म पर किसानों को ले जाया गया जहां पर उन्होंने जैविक खेती फूड प्रोसेसिंग वाटर हार्वेस्टिंग तथा बी बी एफ पर किए गए सराहनीय कार्यों को दिखाया एवं उसके फायदों को किसानो को बताया।इसके बाद बड़नगर ब्लॉक के हत्या खेड़ी ग्राम में कृषक श्री संदीप भाटी जी के फार्म पर किसानों को पोल्ट्री फार्मिंग डेरी फार्मिंग एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट के बारे में कृषक श्री संदीप भाटी द्वारा विस्तार से समझाया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के अंत में श्री रुपेश पाटिल कृषि विशेषज्ञ हृष्ट॥स्श्व के द्वारा ढ्ढञ्जष्ट ष्टस्ङ्क क्षक्क प्रोग्राम के बारे में एवं आज के भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गईद्य कार्यक्रम को सफल बनाने में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री आरपीएस नायक के मार्गदर्शन में एसडीओ श्री जी एस मुवेल सर, उज्जैन एस ए डी ओ श्री सुबोध पाठक जी, एस ए डी ओ बड़नगर श्री उदय अग्निहोत्री जी तथा एस ए डी ओ तराना श्री दिनेश डोर जी का विशेष योगदान रहा ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




उज्जैन। जन शिक्षण संस्थान द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न विषयों की प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सेदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक अनिता सक्सेना द्वारा माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं पुष्पमाला अपर्ण कर किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत नृत्य, भाषण एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न प्रकार की कविताएं प्रस्तुत की और प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी भी सुनाई गई। इस अवसर पर सभी महिलाओं द्वारा समूह नृत्य एवं फूलों से होली खेल फाग उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किय गया। वहीं पीएमकेवीवाय 0.4 से ब्यूटी केयर असिस्टेंट का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिलीपसिंह चावड़ा, लेखपाल वीणा वादिनी, कार्यक्रम सहायक निलेश बौरासी, कम्प्यूटर आपरेटर कुलदीपसिंह देवड़ा, नाथूलाल वर्मा, सुनील कछोटिया एवं प्रशिक्षक कांता विश्वकर्मा, जानकी माथुर, सरिता दुबे, कविता गायकवाड़, रीना भट्ट, अश्विनी भट्ट, सपना बैरागी, रानू गोयल, निर्मला वर्मा, अनुराधा सोलंकी एवं लगभग 60 प्रशिक्षणार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन रामकन्या डाबी व दीपिका दशोरा ने किया।

## संयोजक नियुक्त होने पर वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी का किया सम्मान



उज्जैन। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी को स्वामी रामानंदाचार्य जयंती समारोह दिल्ली का अखिल भारतीय संयोजक नियुक्त होने पर शहर कांग्रेस कार्यालय पर अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, रवि राय नेता प्रति पक्ष, संगठन मंत्री अजय राठौर, अभीषेक शर्मा, राजेश राणा, देवव्रत यादव, सुनील जैन, वासुदेव रावल, राजेंद्र राठौर, चंदू यादव, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, ओमप्रकाश रामी आदि।

# आज मथुरा की तर्ज पर महाप्रभु की बैठक पर होगी लट्ठमार होली

## भगवान श्री कृष्ण की विद्यास्थली पर मनाएंगे फाग उत्सव



उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में मथुरा वृंदावन एवं ब्रज की तर्ज पर उज्जैन में भी महाप्रभुजी की बैठक मंगलनाथ रोड पर आज रविवार 9 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होली के कीर्तन, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं सभी वैष्णव द्वारा लट्ठमार होली खेली जाएगी।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सभी महिला पुरुष लट्ठमार होली खेलकर भगवान श्री कृष्ण की विद्यास्थली पर फाग उत्सव भी मनाएंगे। होली के गीतों के साथ भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं का वाचन करेंगे। वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के पदाधिकारी राजेंद्र शाह, आनंद पुरोहित, विशाल नीमा, अमर दिसावल, अमित नागर, हेतल शाह, वर्तिका नागर, नूपुर नीमा, पारूल शाह, राजश्री दिसावल, बसंत नागर, अतुल नागर देपालपुर, अमित नीमा, रितेश नागर, शीतल नागर, रिचा निमा आदि वैष्णव ने लठमार होली एवं फाग उत्सव में सभी वैष्णव परिवारजनों से शामिल होकर इस उत्सव को धूमधाम से मनाने का अनुरोध किया है।

# पूरे देश में सबसे ज्यादा सुविधाएं किसानों को अगर कहीं मिल रही है तो वह मध्यप्रदेश

## उज्जैन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोले भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सांसद दर्शन सिंह चौधरी




उज्जैन। मध्यप्रदेश की सरकार ने कई किसान हितेषी कार्य किये हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा सुविधाएं किसानों को अगर कहीं मिल रही है तो वह है मध्य प्रदेश, यहां पर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों ही किसानों के हित में कार्य कर रही है एवं किसानों को कई सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

यह बात भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उज्जैन आगमन पर मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने किसानों को 5 रूपये में स्थाई बिजली कनेक्शन देने पर एवं गेहूं पर 175 रुपये बोनस देने पर मध्य प्रदेश सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उज्जैन आलोट लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि 2003 से जब से मध्यप्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी उसके बाद से सरकार किसानो के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है। उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव ने सरकार द्वारा गोसरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। मोर्चा मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री भंवर सिंह चौधरी, उज्जैन नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष राम सिंह बड़ाल सहित किसान मोर्चा के नगर एवं ग्रामीण के ज्येष्ठ श्रेस्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन राम सिंह ने किया एवं आभार नवीन यादव ने किया।

# स्वर्णप्राशन कार्यक्रम 10 मार्च को

उज्जैन। शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. ओ. पी. व्यास ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 10 मार्च 2025 सोमवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन अवश्य करावें। प्रत्येक बालक/बालिका का रजिस्ट्रेशन शुल्क रू.50/- निर्धारित है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है। जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. ओ. पी. व्यास तथा मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी।

## आज होगा 28वीं सिंधु दर्शन यात्रा के यात्रियों का सम्मान

उज्जैन। विगत जून माह में लेह लद्दाख में आयोजित किए गये 28वें सिन्धु उत्सव के अंतर्गत आयोजित की गई 28वीं सिंधु दर्शन यात्रा में शामिल हुए सिंधु दर्शन यात्रा समिति मालवा प्रांत के 90 यात्रियों का सम्मान समारोह आज सरस्वती शिशु मंदिर मारुतिगंज में आज 9 मार्च सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है।

सिन्धु दर्शन यात्रा समिति की सदस्य उषा कुंवर पवार के अनुसार समारोह में 28वीं सिंधु दर्शन यात्रा में शामिल हुए यात्रियों को वरिष्ठ अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आगामी 29वीं सिन्धु दर्शन यात्रा मे शामिल होने वाले इच्छुक यात्री भी इस कार्यक्रम मे शामिल होकर पुराने यात्रीयो के अनुभव सिन्धु दर्शन यात्रा कि समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही यात्रा में शामिल होने वाले इच्छुक यात्री यात्रा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा सकते है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com